प्र०। निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए :

1 अब कैसे छूटै राम नाम रट लागी।
प्रभुजी, तुम चंदन हम पानी, जाकी अँग-अँग बास समानी।
प्रभुजी, तुम घन बन हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभुजी, तुम दीपक हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभुजी, तुम मोती हम धागा, जैसे सोनहिं मिलत सुहागा।
प्रभुजी, तुम स्वामी हम दासा, ऐसी भक्ति करै रैदासा

1 उपर्युक्त काव्यांश के रचयिता हैं:—
(क) रैदास (ख) कबीर
(ग) रहीम (घ) बिहारी

2 अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है:-
(क) अँग-अँग (ख) चंद चकोरा
(ग) हम पानी (घ) रट लागी

3 यदि प्रभु चंदन है, तो कवि है —
(क) घना वन (ख) पानी
(ग) वर्षा (घ) चकोर

4 कवि की भक्ति किस प्रकार की है ?
(क) दास्य भाव (ख) सख्य भाव
(ग) दैन्य भाव (घ) विरह भावना से प्रेरित

5 उपर्युक्त पद में तुकांत शब्द है —
(क) जाकी जोति (ख) पानी समानी
(ग) दिन राती (घ) करै रैदासा

Assignment 3

| S. No. | | Marks Q wise |
|---|---|---|
| 8 | ऐसी लाल तुझ बिन कउनु करै। | |
| | गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै॥ | |
| | जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै। | |
| | नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै॥ | |
| | नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै॥ | |
| | कहि रविदास सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै॥ | |
| 1 | 'लाल' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? | |
| (क) | पुत्र के लिए (ख) रंग के लिए | |
| (ग) | परमात्मा के लिए (घ) संसार के लिए | |
| 2 | ईश्वर अपनी कृपा किस पर बरसाता है? | |
| (क) | धनवानो पर (ख) उच्च जाती के लोगों पर | |
| (ग) | निम्न जाति के लोगों पर (घ) सभी लोगों पर | |
| 3 | समाज में कुछ लोगों का बहिष्कार क्यों किया जाता है | |
| (क) | गरीब होने के कारण (ख) वर्ण-भेद के कारण | |
| (ग) | जाति-भेद के कारण (घ) छुआछूत के कारण | |
| 4 | नामदेव, कबीर, त्रिलोचन, सधना व सैनु कौन थे? | |
| (क) | लेखक (ख) कवि | |
| (ग) | संत (घ) बड़े लोग | |